चौपाल संस्था ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

खरखौदा | कतलूपुर गांव में लगाए गए शिविर में जांच करते चिकित्सक।

भास्कर न्यूज | खरखौदा

कतलूपुर गांव में चौपाल नामक संस्था द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में जहां अल्ट्रासांऊड, ईसीजी, खून की जांच की और अन्य कई बीमारियों की दवा भी दी गई। इसके अलावा चश्मे भी वितरित किए गए।

संस्था के संस्थापक डा. राजेंद्र सिंह टांक ने बताया कि वे सोनीपत जिले से संबंधित है और उनकी एक सोच है कि वे ग्रामीण क्षेत्र में बसे अपने भाई-बहनों और बजुर्गों का कुछ भला कर सकें। यही कारण है कि उन्होंने इस संस्था की स्थापना की। उन्होंने कहा कि सभी को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, ताकि समाज में फैल रही बुराईयों को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि उनकी यह संस्था प्रत्येक रविवार को किसी न किसी गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा रही है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी 7 फरवरी यानी रविवार को गुरुकुल मटिंडू में शिविर लगाने जा रही है। अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर लोग इसका फायदा उठा सकते हैं।

उन्होंने शिविर के आयोजकों अशोक सरोहा, धर्मबीर व राजपाल का आभार जताया। शिविर में डा. अतुल भारद्वाज रेडियोलोजिस्ट, डा. कोकिल गायनी लोजिस्ट, डा. मोनिका हेल्थ स्पेशलिस्ट, ईएनटी, स्पेशलिस्ट, डा. राजेशवर, डा. राजेन्द्र आदि ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की।

रक्तदान से बढ़कर नहीं है कोई दान

खरखौदा | रविवार को सिसाना गांव की सामान्य चौपाल में नेहरु युवा स्पोर्टस क्लब व अर्यवृत समाज सेवा समिति के तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सेवी चांद पहलवान ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने रक्तदान कर क्लब के सदस्यों को 2100 रुपए दान स्वरूप दिए। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई भी दान नहीं होता। क्योंकि रक्तदान कैंप के दौरान जो रक्त दिया जाता है वह विभिन्न दुर्घटनाओं व आवश्यकता पड़ने पर व्यक्तियों के काम आता है। जिससे उनका जीवन बचता है। यही नहीं रक्त देने वालों को इसका सुखद अहसास भी होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह गांव में रक्तदान के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करें और ग्रामीण इलाकों में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने में आगे आए। इस अवसर पर पहुंचे जिला प्रशिक्षक धर्मबीर दहिया ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति हर तीन महीने बाद रक्तदान कर सकता है। युवाओं को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए इससे शरीर में नई ऊर्जा का संचार भी होता है। रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदाताओं को गिफ्ट एवं प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए।